21

परियोजना का नामः—राज्य योजना के अन्तर्गत जिला चमोली के विकास खण्ड पोखरी में चोपड़ा—हरिशंकर मोटर मार्ग से चोपड़ा—नखोलियाणा—पोखरी मोटर मार्ग हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण—पत्र

ग्राम पंचायत का नाम पोखरी, नखोलियाणा
तहसील— पोखरी जिला— चमोली

अनापत्ति प्रमाण पत्र

राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी में चोपड़ा—हरिशंकर मोटर मार्ग से चोपड़ा—नखोलियाणा—पोखरी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु (शून्य— हे0 आरक्षित वन भूमि, 2.38 - हे0 सिविल सोयम भूमि 0.63 हे0, वन पंचायत भूमि कुल 3.01 हे0) अर्थात कुल 3.01 हे0 वन भूमि का लो० नि० वि० विभाग / संस्था के पक्ष में भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा प्रत्यावर्तित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण के विषय में ग्राम पंचायत पोखरी, नखोलियाणा द्वारा दिनांक 5/8/016 को सम्पन्न ग्राम सभा / ग्राम पंचायत की बैठक में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा आवेदित वन भूमि के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। यह कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्राविधानों के तहत् आवेदित वन भूमि में आदिवासी अथवा किसी गैर आदिवासी का कब्जा / कृषि कार्य है अथवा नहीं। * उपस्थित सभी ग्रामवासियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त वन भूमि में किसी भी आदिवासी अथवा गैर आदिवासी का कब्जा / कृषि कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि पर ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं हो रहा है।

चर्चा के उपरान्त ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया / प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पोखरी, नखोलियाणा के ग्रामवासियों को उक्त वन भूमि निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पोखरी प्रयोक्ता एजेन्सी को परियोजना के निर्माण हेतु दिये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

प्रमाणित किया जो सत्य एवं सही है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पोखरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत पोखरी
(चमोली)

आशा देवी
आशा देवी
सदस्या वार्ड नं.2 लोअर
नगर पंचायत पोखरी

ह0 / —
ग्राम सचिव
मुहर सहित

ह0 / —
ग्राम प्रधान / सरपंच
मुहर सहित

21/09/16

मंगल सिंह नेगी
सदस्य
नगर पंचायत पोखरी